सहकार किसान कल्याण योजना

चर्चा में क्यों?

हाल ही में **राजस्थान सरकार ने सहकार किसान कल्याण योजना** शुरू की, जो **दीर्घकालिक सहकारी कृषि और गैर-कृषि ऋणों** के लिये **पहली ब्याज अनुदान योजना है।**

- इस योजना का उद्देश्य **कृषि उत्पादन को बढ़ावा देना और किसानों की आय में वृद्धि करना है।**

मुख्य बिंदु

- **सहकार किसान कल्याण योजना:**
  - सहकार किसान कल्याण योजना के तहत, किसान **राजस्थान में प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंकों और केंद्रीय सहकारी बैंकों से ऋण प्राप्त करते हैं।**
  - यह योजना समय पर ऋण चुकौती को प्रोत्साहित करती है तथा **सब्सिडी के माध्यम द्वारा कम ब्याज दर प्रदान करती है।**
- **ब्याज सब्सिडी:**
  - यदि किसान समय पर **कृषि ऋण चुकाते हैं तो उन्हें 7% ब्याज अनुदान** मिलेगा।
  - **गैर-कृषि ऋणों के** समय पर पुनर्भुगतान के लिये 5% सब्सिडी प्रदान की जाएगी।
- **उद्देश्य:**
  - **किसान अक्सर ट्यूबवेल को गहरा करने, ड्रिप सिंचाई, भूमि समतलीकरण, ग्रीनहाउस स्थापना, सौर ऊर्जा स्थापना, वर्मीकम्पोस्ट उत्पादन, रेशम कीट पालन और मधुमक्खी पालन** के लिये सहकारी ऋण लेते हैं।
  - **वित्तीय प्रावधान और ब्याज दरें:**
  - ब्याज सब्सिडी के लिये 39.75 करोड़ रुपए आवंटित किये गए हैं।
  - सब्सिडी के साथ, किसानों को कृषि ऋण पर 4% और गैर-कृषि ऋण पर 3.5% **की कम ब्याज दर का भुगतान करना होगा।**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/sahakar-kisan-kalyan-yojana